नई दिल्ली नगर पालिका में अधिकारियों के सेवा काल में वृद्धि किया जाना

8433. **श्री निहाल सिंह :**
श्री राम सिंह शाक्य :

क्या **नर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नई दिल्ली नगर पालिका में उन अधिकारियों की संख्या, नाम और पद नाम क्या हैं जिन्हें पिछले तीन वर्षों के दौरान, सेवानिवृत्ति के बाद पुन: नियुक्त किया गया है और उनके सेवा काल में वृद्धि की गई है; और

(ख) उनको पुन: नियुक्त करने तथा उनके सेवा काल में वृद्धि किए जाने के कारण क्या हैं ?

खेल विभाग में निर्माण और आवास मंत्रालय में तथा संसदीय कार्य विभाग में उपमंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख) एक विवरण संलग्न है ।

विवरण

क्र. म.	अधिकारी का नाम	पदनाम	सेवानिवृत्ति की तारीख	पुन: नियुक्ति/ सेवाकाल में वृद्धि की अवधि	पुन: नियुक्ति/सेवा काल में वृद्धि के कारण
1.	श्री वी. एन. शर्मा	श्रम कल्याण अधिकारी	31.10.82	1.11.82 से 30.4.83 तक	एशियाड, 82 के दौरान मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध बनाने के लिए जब अधिक संख्या में विदेशी और विशिष्ठ व्यक्ति नई दिल्ली आये । इसके अतिरिक्त, उस समय नगर पालिका में उक्त पद का भारी उत्तर-दाईत्व संभालने के इस पद लिए अन्य कोई पात्र अधिकारी उप-लब्ध नहीं था ।
2.	श्री महेन्द्र सिह चड्ढा	प्रवर्तन, खाद्य तथा सफाई अधिकारी	31.1.84	1.2.84 से 31.7.84 तक	इस पद के लिए विद्यमान भर्ती नियमों और संशोधित भर्ती नियमों को अन्तिम रूप न देने के कारण उपयुक्त अधि-कारी न मिलने से नई दिल्ली नगर पालिका मे श्री चड्ढा के सेवा काल मे वृद्धि की गई है ।